# प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**विरोध**

## पीएम मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पुतले फूंके

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में 10 निर्दोष लोगों के सामूहिक हत्याकाण्ड के पीडित परिवारों से मुलाकात करने जा रही कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका वाड्रा गांधी की उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की गई गिरफ्तारी का विरोध करते हुए कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला दहन किया।

इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपानीत सरकार के सत्ता में आने के उपरान्त लगातार विपक्षी पार्टी के नेताओं के उत्पीड़न की घटनायें बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आने के बाद विपक्षी दलों के नेताओं का उत्पीड़न एवं हर मामले का राजनीतिकरण कर अपनी राजनैतिक रोटियां सेकने का काम करती आ रही है। उन्होंने कहा कि कहा कि उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमरा गई है तथा सोनभद्र मे हुई सामूहिक हत्याकण्ड की घटना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सामूहिक हत्याकाण्ड में मारे गये लोगों के परिजनों को सांत्वना देने जा रही कांग्रेस महामंत्री प्रियंका गांधी वाड्रा को केन्द्र सरकार के इशारे पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गिरफ्तार कराया जाना इसका एक ताजा उदाहरण है। इसके उपरान्त कांग्रेसजनों ने नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला आग के हवाले किया।


प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री हीरा सिह बिष्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना, पूर्व विधायक राजकुमार, डॉ0 संजय पालीवाल, अनुशासन समिति अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, मुख्य समन्वयक राजेन्द्र शाह, महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा, महामंत्री नवीन जोशी, गोदावरी थापली, प्रवक्ता डॉ0 आर.पी. रतूड़ी, राजेश शर्मा, जिलाध्यक्ष संजय किशोर, गौरव चौधरी, प्रभुलाल बहुगुणा, अभिषेक सिंह, प्रदेश सचिव भरत शर्मा, राजेश पाण्डे, राजेश चमोली, विनोद धनोशी, गिरीश पुनेड़ा, देवेन्द्र सती, अजय नेगी, महानगर महिला अध्यक्ष कमलेश रमन, चन्द्रकला नेगी, पुष्पा पंवार, डॉ0 प्रतिमा सिंह, अनुराधा तिवारी, राजीव महर्षि, दीप बोहरा, धर्म सिंह पंवार, नवीन पयाल, आईटी के अमरजीत सिंह, देवेन्द्र बुटोला, सुन्दरी देवी, सुमित्रा ध्यानी, सुनित राठौर, टीटू त्यागी, अशोक कोहली, जगदीश धीमान, किशन कुमार वर्मा, एडवोकेट मुस्तफा, आनन्द त्यागी, प्रवीण त्यागी, नागेश रतूड़ी, सुलेमान अली, देवेन्द्र बिष्ट लाखीराम बिजलवाण, ताबी खान, विशाल मौर्य, अरूण शर्मा, विनोद कुमार आदि हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द



संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार मिलने पर लोकगायक नरेंद्र सिंह नेगी को बधाई देते सीएम त्रिवेंद्र।

## नेगी हमारे गौरव, उन्हें मिला सम्मान पूरे उत्तराखण्ड का सम्मानः सीएम

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने प्रसिद्ध लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी के घर जाकर उन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार 2018 मिलने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेगी जी, हमारा गौरव हैं। उन्हें मिला यह सम्मान पूरे उत्तराखण्ड का सम्मान है। श्री नेगी दशकों से अपने संगीत के माध्यम से उत्तराखण्ड को पहचान दिलाई है। उनके गीतों में समाज के संदेश रहे हैं। उनके गीतों में सभी तरह के रंग देखने को मिलते हैं। उन्होंने अपने गीतों में लोक जीवन के हर पहलू को समेटा है। मुख्यमंत्री ने नरेंद्र सिंह नेगी को शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की।

## डीएम की पत्नी आधे घंटे खड़ी रहीं अस्पताल की लाइन में



**संवाददाता** नैनीताल। नैनीताल के जिलाधिकारी सविन बंसल की धर्मपत्नी सुरभि बंसल ने वीआइपी कल्चर को दरकिनार कर मिसाल कायम की है। सुरभि ने बीडी पांडेय अस्पताल में बच्चे का उपचार कराने के लिए पति के ओहदे का हवाला देने की बजाय आम मरीज की तरह बच्चे का उपचार कराया।

डीएम की पत्नी सुरभि सुबह करीब दस बजे बच्चे को लेकर बीडी पांडेय अस्पताल पहुंची थीं। उन्होंने पहचान छिपाते हुए आम मरीज की तरह लाइन में लगकर पर्ची कटवाई। करीब आधा घंटा लाइन में लगने के बाद नंबर आया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एमएस रावत ने बच्चे का उपचार किया। हालांकि इस दौरान इसकी खबर पूरे अस्पताल परिसर में फैल गई। जिसके बाद लोग उनकी सादगी की चर्चा करने लगे।

## न्यूज डायरी

### पांचवे दून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के एंट्रीज आमंत्रित

**संवाददाता** देहरादून। पांचवा दून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल सितंबर छह से आठ तक सिल्वर सिटी में होने जा रहा है जिसके लिए फिल्मों की एंट्रीज आमंत्रित की जा रही है। इस बारे में जानकारी देते हुए दून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के डायरेक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि दून में यह फिल्म फेस्टिवल का पांचव सीजन है, पिछले चार सीजन बहुत ही कामयाब रहे है। इससे पूर्व के सीजन में सुभाष घई, प्रेम चोपड़ा, रमेश सिप्पी, शर्मन जोशी, सतीश कौशिक, पूजा भट्ट, सतीश शुक्ला आदि जैसे दिग्गजों ने शिरकत की है। इस बार भी कई बड़े सितारों के साथ पांचवे दून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आगाज होगा। राजेश ने बताया कि फिल्म फेस्टिवल में उनके द्वारा फिल्म, शॉर्ट फिल्म, डाक्यूमेंटरीज, म्यूजिक एलबम आदि आमंत्रित की जाती है, जिसकी प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है।

### अमृत योजना के अधिशासी अभियंता का किया घेराव

**संवाददाता** हरिद्वार। वार्ड 2 भूपतवालाया स्थित अमृत गंगा अपार्टमेंट में सीवर लाइन फटने से पेयजल लाइन में सीवर लाइन का दूषित पानी जाने से लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय कार्यकर्ता हन्नी अग्रवाल ने समस्या से मेयर अनिता शर्मा को अवगत करवाया।जिसके बाद मेयर प्रतिनिधि अशोक शर्मा के साथ कोंग्रेस कार्यकर्ताओ ने अमृत योजना के अधिशासी अभियंता संजय सिंह का घेराव किया। कार्यकर्ताओ ने कहा कि अमृत योजना के अंतर्गत लाइन डाली गई लेकिन उसे शुरू नहीं किया जा रहा जिनके कारण समस्या बनी है। मेयर द्वारा दो दिन पूर्व कार्य शुरू करवाया गया लेकिन स्थानीय पार्षद के बेटे ने कार्य रुकवा दिया। भाजपा गरीब लोगो के कार्य में भी अड़ंगा डाल रही है।

### हरेला पर्व पर महाविद्यालय में किया गया पौधारोपणं

**संवाददाता** हरिद्वार। स्थानीय एसएमजेएनपीजी कॉलेज में आज वैदिक मन्त्रोउच्चारण के साथ हरेला के शुभ पावन अवसर पर 'विश्रान्ति वन' में पेड़ लगाकर पौधेरोपण किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन, भगवत किशोर मिश्रा ने कॉलेज पहुंचकर विश्रान्ति वन का निरीक्षण किया तथा एस.एम.जे.एन.यपी.जी.कॉलेज, रॉकमैन फाउण्डेशन एवं सनातन सेवा मिशन ट्रस्ट के संयोजन में लगाये गये लगभग 1050 पौधौं का निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि पौधारोपण द्वारा ही जल संरक्षण एवं संवर्धन किया जा सकता है।

## होम स्टे योजना की जानकारी देने दूरस्थ गांव पहुंचे डीएम

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। पहाड के आर्थिक सुदृढ़ीकरण, स्वरोजगार के लिए पर्यटन विभाग की ओर से संचालित होम स्टे योजना की बैठक विकासखण्ड ऊखीमठ के तुंगनाथ मंदिर प्रांगण मक्कूमठ में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगेश घिल्ड़ियाल ने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। मक्कू, जगपुडा व पाव में इस दिशा में कार्य कर आदर्श पर्यटक गांव के रूप में विकसित किया जा सकता है।

जिलाधिकारी ने पहाड़ी संस्कृति, विरासत, सभ्यता, शैली की जानकारी देश–विदेश तक पहुंचाने के लिए होम स्टे को पहाड़ी काष्ठ व पठालों से निर्मित करने का सुझाव दिया। इसके साथ ही पुराने घरों का भी जीर्णोद्धार पहाड़ी शैली में कर पर्यटकों को ठहरने, खाने व शौचालय की सुविधा देने की बात कही। उन्होंने महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से इस दिशा में कार्य करने को कहा। हमें पर्यटकों को होम स्टे के माध्यम से घर जैसा वातावरण उपलब्ध कराना होगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मक्कू, पाब, जगपुड़ा के ग्रामीणों ने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

## प्रथम चरण में 5 विद्यालयों की सुधरेगी स्थिति

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। जिले के जीर्ण–शीर्ण विद्यालयों के सुदृढीकरण को लेकर जिला कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी मंगेश घिल्डियाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बताया गया कि जनपद के कुल 40 विद्यालयों में छत पुनर्निर्माण का कार्य कराया जाना है, जिनकी कुल लागत दो करोड 30 लाख आयेगी। विभाग की ओर से आंकलन तैयार कर लिया गया है। इन विद्यालयों में 18 केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र व 22 विद्यालय रुद्रप्रयाग विस के हैं।

बैठक में जिलाधिकारी ने प्रथम चरण में पांच विद्यालय जिनकी छत की स्थिति अत्यंत दयनीय है, में यथाशीघ्र छत पुनर्निर्माण कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश विभाग को दिए। इन विद्यालयों में दैवीय आपदा मद व विधायक निधि से निर्माण कार्य किया जायेगा। प्रथम चरण में पांच विद्यालयों में छत निर्माण के पश्चात द्वितीय चरण में अन्य विद्यालयों को लिया जायेगा। बैठक में शिक्षा अधिकारी विद्याशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि इस वर्ष जिला योजना से कुल एक करोड 94 लाख का बजट प्राप्त हुआ है, जिसमें 16 विद्यालयों में निर्माण कार्य किया जाना है। ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरशन के सीएसआर मद से जनपद के 62 विद्यालयों में दो करोड 44 लाख 20 हजार की लागत से विभिन्न कार्य किए जायेंगे। इस क्रम में 16 विद्यालयों में 64 लाख की लागत से शौचालय निर्माण का कार्य, 21 विद्यालयों में एक करोड 62 लाख की लागत से वृहद निर्माण कार्य, 15 विद्यालयों में एक करोड 40 लाख की लागत से अतिरिक्त कक्षा–कक्ष का निर्माण कार्य व 10 विद्यालयों में 32 लाख 70 हजार की लागत से प्रांगण एवं सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य किया जाना है।


शिक्षा विभाग की बैठक लेते डीएम मंगेश घिल्डियाल।